पेज थ्री देहरादून

कारगिल शहीद राजेश गुरुंग को श्रद्धासुमन अर्पित करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



देहरादून, शनिवार 27 जुलाई, 2019

पेज 8

# हमारा दून


## संक्षिप्त समाचार

### असम में आयी बाढ एवं अतिवृष्टि पर सीएम ने जताया दुख

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने असम में आयी बाढ एवं अतिवृष्टि से हुई जन–धन हानि पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने असम के आपदा प्रभावितों की सहायता के लिये राज्य सरकार की ओर से पांच करोड़ की धनराशि प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हम असम में आपदा से होने वाली कठिनाइयों से परिचित हैं तथा वहां की पीड़ित जनता का दर्द महसूस कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेनद्र ने कहा कि संकट की इस घड़ी में उत्तराखंड की जनता असमवासियों के साथ है।

### प्रतिनियुक्ति और डायट में कार्यरत अध्यापकों को मूल पद पर भेजा जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने विधानसभा सभाकक्ष में विद्यालय का शैक्षणिक माहौल सुधारने विषय पर बैठक ली। उन्होंने कहा कि अध्यापक और छात्र के अनुपात को तार्किक करने के लिए सभी ब्लॉकों के आंकड़े लिए जाएं। प्रतिनियुक्ति और डायट में कार्यरत अध्यापकों को मूल पद पर भेजा जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उत्तराखण्ड अपनी विशेष भौगोलिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में सुझाव देगी। यह सुझाव हिमालयी राज्य के सन्दर्भ में होगी।

### बोलेरो खाई में गिरी, आठ लोग गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता** देहरादून। चमोली जिले के के घाट विकासखण्ड में एक सड़क दुर्घटना में 6 बच्चों समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार घाट भेटीं मोटरमार्ग पर महिंद्रा बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे मौके पर चीख पुकार मच गयी। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को खाई से निकालकर प्रसाशन की मदद से सीएचसी घाट में भर्ती किया।

### आईटीवीपी के जवानों ने निकाली कारगिल विजय दिवस पर रैली

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश की राजधानी देहरादून के मसूरी में कारगिल विजय दिवस के मौके पर आईटीवीपी अकादमी के जवानों ने रैली निकाली। अकादमी के निदेशक पीएस पापटा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कारगिल शहीदों याद में जवानों ने गांधी चौक से लेकर मालरोड तक रैली निकाली। .20 साल पहले आज ही के दिन 26 जुलाई 1999 में हमारे वीर जवानों ने कारगिल की चोटी पर पाकिस्तान को परास्त कर तिरंगा लहराया था।

# पर्वतीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा में होगा 800 करोड़ का निवेश

**महत्वपूर्ण कदम**

208 स्थानीय लोगों को सीएम ने सौंपे 148.85 मेगावाट की परियोजना के आवंटन पत्र

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनने की दिशा में बढ़े कदम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता मिलन हॉल में राज्य के 208 स्थानीय उद्यमियों को 600 करोड़ की 148.85 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आंवटन पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही 200 करोड़ की 52 मेगावाट की अन्य परियोजनायें भी स्थानीय विकासकर्ताओं को आवंटित की जायेगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने ऐसे प्रयासों को पर्वतीय क्षेत्रों में आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए बिना कृषि के बंजर होते खेतों के लिये सौर ऊर्जा परियोजना को वरदान बताया। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों का आर्थिक विकास राज्य आन्दोलन के मूल में रहा है। सौर ऊर्जा के विकास में भागीदार बने लोग भी राज्य बनने के मूल में रहे



उद्यमियों को परियोजना आवंटन पत्र वितरित करते हुए सीएम।

हैं। आज वे लोग राज्य के आर्थिक विकास के वाहक बने हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण के अनुकूल है। इस प्रकार वे हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले भी बने हैं, उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से प्रति उद्यमी को औसतन 66.5 लाख की वार्षिक आय होगी, जबकि लगभग 850 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह देखा गया था। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिये इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व एक माह में 5 कैबिनेट बैठकें आयोजित कर 5 नीतियों में संशोधन के साथ ही 10 उद्योगों के अनुकूल नीतियाँ बनायी गई, जिसके सार्थक परिणाम आने लगे हैं। इसके तहत अब तक राज्य में लगभग 16,000 करोड़ से अधिक निवेश प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा के विकास से हम राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। अभी राज्य को 1000 करोड़ की बिजली क्रय करनी पड़ रही है। राज्य में पिरूल से ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। इस दिशा में 21 विकासकर्ताओं को योजनायें आवंटित की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी को भी सुखद बताया है। उनका कहना है कि हमारी शिक्षित महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना राज्य व समाज के हित में है। राज्य की महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में हो इसके प्रयास किये जा रहे हैं। आवंटित की गई सौर ऊर्जा परियोजनाओं के सम्बन्ध में सचिव ऊर्जा राधिका झा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा नीति को संशोधित कर 05 मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट्स की स्थापना, प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रदेश के मूलध्स्थायी निवासियों हेतु ही आरक्षित कर दी गयी थी।

### कान्क्लेव में हिमालयी राज्यों से जुडे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि रविवार को मसूरी में आयोजित हो रहे हिमालयन कान्क्लेव में हिमालयी राज्यों से जुडे विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जायेगी। पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर भी विचार–विमर्श किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिनियम एवं वन क्षेत्र की अधिकता जैसे समान ज्वलन्त समस्यायें भी इस सम्मेलन का हिस्सा रहेगी। सभी राज्यों के कॉमन एजेण्डा पर भी सम्मेलन में चर्चा होगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हिमालयी राज्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जल–संचय, जल–संरक्षण की मुहीम को भी आगे बढाएंगे। हिमालयी राज्यों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत का प्रमुख एजेंडा जल संरक्षण रहेगा। नदियों, ग्लेशियर, झीलों व जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के साथ ही सूख चुकी नदियों व जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने पर भी फोकस रहेगा। भारत की अधिकांश नदियों का स्रोत हिमालय है। इसलिए प्रधानमंत्री के जल संचय अभियान में हिमालयी राज्यों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

### पूर्व मुख्यमंत्रियों को राहत देने को अध्यादेश लाने की तैयारी में

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों से आवास किराए के रूप में बकाया धनराशि बाजार दर पर वसूला जाए। उसके बाद राज्य संपत्ति विभाग ने बाजार दर पर किराए का आकलन करके धन राशि तय की थी। लेकिन अब तक किसी भी पूर्व मुख्यमंत्री ने यह किराया नहीं चुकाया है। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी और विजय बहुगुणा इस बकाया पर राहत की मांग करते हुए हाईकोर्ट चले गए हैं। हाईकोर्ट ने इसी महीने की पांच तारीख को उनके मामले में सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रखा है। अब यह फैसला किसी भी दिन सुनाया जा सकता है।

# सूचना निदेशालय के मुख्य गेट पर जड़ दिया ताला

**निंदा**

■ विज्ञापन आवंटन में भेदभावपूर्ण नीति के विरोध में पत्रकारों का धरना–प्रदर्शन

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड सूचना विभाग द्वारा प्रदेश से प्रकाशित लघु व मंझौले समाचार पत्रों और न्यूज पोर्टलों की घोर उपेक्षा किए जाने से आक्रोशित पत्रकारों ने रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में तालाबंदी कर धरना–प्रदर्शन किया। पत्रकारों द्वारा सूचना विभाग की इस पक्षपातपूर्ण नीति की कड़े शब्दों में निंदा की गई।



सूचना निदेशालय में तालाबंदी कर धरना–प्रदर्शन करते पत्रकार।

पत्रकारों का कहना था कि सूचना विभाग लघु व मंझौले समाचार पत्रों और न्यूज पोर्टलों की लगातार अनदेखी कर रहा है। प्रदर्शनकारी पत्रकारों ने लघु व मंझौले समाचार पत्रों और न्यूज पोर्टलों को शीघ्र विज्ञापन जारी किए जाने की मांग की।

सूचना विभाग की अनदेखी से नाराज विभिन्न पत्रकार संगठनों से जुड़े पत्रकार शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे सूचना निदेशालय के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और वहां पर विभाग की विज्ञापन में पक्षपातपूर्ण नीति के विरोध में नारेबाजी करते हुए धरना–प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने सूचना निदेशालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। दस बजे के करीब जब सूचना विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय पहुंचे वहां मुख्य गेट पर ताला जड़ा देख वे कुछ समय के लिए इधर–उधर हो गए। बाद में अधिकारी व कर्मचारी निदेशालय के पिछले गेट से अंदर पहुंचे।

इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस से नोक–झोंक भी हुई। पत्रकारों में सूचना विभाग जो कि स्वयं मुख्यमंत्री के पास है की मनमानी से खासा रोष व्याप्त है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel


### सावन की शिवरात्रि 30 को

**संवाददाता** देहरादून। सावन की शिवरात्रि इस बार 30 जुलाई को मनाई जाएगी।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।